**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**11 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- एसआईआर के तहत कल अंतिम मतदाता सूची जारी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया– ड्राफ्ट वोटर लिस्ट की तुलना में बढ़े 84 लाख 28 हज़ार 767 मतदाता।
- आज लखीमपुर खीरी के दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। एक हजार तीन सौ ग्यारह करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।
- देश में घरेलू एलपीजी और ईंधन की आपूर्ति स्थिर। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया–प्रतिदिन करीब साढ़े छह हजार टन कामर्शियल एलपीजी की बिक्री।
- मथुरा में यमुना नदी में कल नाव पलटने से 10 लोगों की मौत। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख।

**********

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर के तहत उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग ने कल अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लखनऊ में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि अंतिम सूची के अनुसार राज्य में कुल 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। एक रिपोर्ट.....

**18–19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या बढ़कर 17,63,360 हो गई है, जो कुल मतदाताओं का 1.32 प्रतिशत है। लिंग अनुपात में भी सुधार हुआ है और अब प्रति 1,000 पुरुष मतदाताओं पर 834 महिला मतदाता हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मसौदा और अंतिम मतदाता सूची की तुलना करते हुए बताया कि मतदाताओं की कुल संख्या में 84,28,767 की वृद्धि हुई है। जिलों में प्रयागराज में सबसे अधिक 3,29,421 मतदाताओं की वृद्धि दर्ज की गई, इसके बाद लखनऊमें 2,85,961 मतदाताओं की वृद्धि हुई।**

**कुल मतदाताओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि वाले पांच जनपद इस प्रकार हैं। प्रयागराज कुल मतदाताओं की संख्या में वृद्धि 3,29,421, लखनऊ कुल मतदाताओं की संख्या में वृद्धि 2,85,961, तीसरा जनपद है अधिक संख्या में बरेली 2,57,920 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। ग़ाज़ियाबाद चौथे नंबर पर है 2,43,666 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। जौनपुर पांचवे नंबर पर है 2,37,500 90 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई।**

**सबसे अधिक मतदाताओं की वृद्धि गाजियाबाद जिले की साहिबाबाद विधानसभा सीट पर हुई है, जहां अंतिम सूची में लगभग 82 हजार से अधिक मतदाताओं की वृद्धि हुई है। सुशील चंद्रतिवारी, आकाशवाणी समाचार,लखनऊ।**

श्री रिणवा ने बताया कि यदि कोई निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट है तो वह डीएम के समक्ष 25 अप्रैल तक प्रथम अपील कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में छूट गया है या उसमें संशोधन कराना है तो वह फार्म छह, सात और आठ के माध्यम से ऑनलाइन या बीएलओ के जरिए आवेदन कर सकता है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखीमपुर खीरी के दौरे पर रहेगें। वह पलिया और मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करने के साथ ही सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए एक हजार तीन सौ ग्यारह करोड़ रूपये की पांच सौ अड़तीस विकास परियोजनाओं का लोकापर्ण और शिलान्यास करेगें।

**********

भारत में डेनमार्क के राजदूत रामसस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन ने कल शाम लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस अवसर पर दोनो पक्षों के बीच प्रदेश में निवेश प्रौद्योगिकी सहयोग और विभिन्न क्षेत्रों में संभावित साझेदारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई। राजदूत ने प्रदेश में निवेश की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए डिफेंस कॉरिडोर में डेनमार्क की रूचि और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग की इच्छा जताई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डेनमार्क की कम्पनियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि सरकार हर निवेशक को आवश्यक सहयोग और सुरक्षित निवेश वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल गौतमबुद्धनगर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब भारत का युवा अपनी ऊर्जा का सही उपयोग करता है, तो वह दुनिया को बेहतर बनाने वाली तकनीक का निर्माण करता है। रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा 'स्टार्टअप इको सिस्टम' बन चुका है।

**हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारत को इनोवेशन का हब बनाने में एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और लगातार जिस तेजी से रिसर्च एंड डेवलपमेंट हमारे देश में बढ़ रहा है, यह हम सबके लिए एक गौरव का विषय है। रजिस्टर्ड पैटर्न की संख्या पहले के**

**कंपैरिजन में कई गुना बढ़ चुकी है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। भारत का सेमीकंडक्टर क्षेत्र अब उड़ान भर रहा है। भारत की बायो इकोनॉमी पिछले 11 सालों में 16 गुना से अधिक बढ़ गई है।**

**********

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा ने कल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपना त्यागपत्र सौंप दिया। न्यायमूर्ति वर्मा के आवास से जले हुए नोटों के ढेर मिलने के बाद उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही चल रही है। पिछले वर्ष 14 मार्च को नई दिल्ली स्थित उनके आधिकारिक आवास से जले हुए नोटों का ढेर मिलने के बाद न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित किया गया था।

**********

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि देश में घरेलू एलपीजी और ईंधन की आपूर्ति स्थिर है।

**14 मार्च से लगभग एक लाख छह हजार टन कमर्शियल एलपीजी की सेल हुई है। प्रतिरोज लगभग छह, साढे छह हजार टन कमर्शियल एलपीजी की सेल हो रही है। हर रोज लगभग एक लाख के आस–पास पांच किलो के सिलेण्डर की सेल हो रही है।**

**********

प्रदेश में शादी समारोहों के लिए कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सुगम आपूर्ति के लिए खाद्य एवं रसद विभाग ने शादी का कार्ड या प्री–ऑर्डर बुकिंग प्रपत्र दिखाने पर सिलेंडर देने की विशेष व्यवस्था शुरू की है। इस सुविधा के तहत, शादी समारोहों के आयोजक जिला आपूर्ति कार्यालय या एडीएम खाद्य एवं रसद को आवेदन देकर कामर्शियल एलपीजी सिलिंडर प्राप्त कर सकते हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 अप्रैल को लखनऊ समेत देश के 17 स्थानों पर आयोजित 'बजट क्वेस्ट 2026' में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं से संवाद करेंगे। **माय भारत** के तत्वावधान में युवा सहभागिता और महिलाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए आयोजित दो दिवसीय इस कार्यक्रम में कल वूमेन मॉक पार्लियामेंट का आयोजन भी किया जाएगा। लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन में मेरा युवा भारत के क्षेत्रीय निदेशक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के 1200 से अधिक युवा प्रतिभाग करेंगे।

**12 अप्रैल का कार्यक्रम है, वह विशेष रूप से महिलाओं से संबंधित है और उस पर मॉक पार्लियामेंट महिलाओं का आयोजित किया जाएगा और इसके लिए मंत्रालय से भी टीम आई हुई है जो 13 का कार्यक्रम है, दो पहर तक का कार्यक्रम अलग–अलग विषयों पर परिचर्चा है और 3.30 से 5.00 के बीच में माननीय प्रधानमंत्री जी वर्चुअल रूप से युवाओं के बीच में जुड़ेंगे और इन 17 स्थानों से चुने हुए युवा साथियों के बीच में उनसे वार्ता करेंगे।**

**********

कल से प्रदेश व्यापी दस्तक अभियान की शुरूआत हो गई है। यह तीस अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान के तहत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की टीम घर–घर जाकर संचारी रोगों के बारे में लोगों को जागरूक करेगी। साथ ही संचारी रोगों के मरीजों को ढूंढ कर उपचार में उनका सहयोग किया जाएगा। अभियान के दौरान कुपोषित बच्चों को ढूंढने के साथ–साथ छूटे हुए लाभार्थियों की आभा आईडी भी बनाई जाएगी।

**********

मथुरा में कल दोपहर यमुना नदी में पांटून पुल से टकराकर एक नाव के पलट जाने से 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। इस हादसे में 12 लोग घायल हैं जिनका अस्पतालों में इलाज चल रहा है। जबकि समाचार मिलने तक 5 श्रद्धालु लापता बताए जा रहे हैं। मथुरा के ज़िलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि लुधियाना से श्रद्धालुओं का समूह दर्शन के लिए मथुरा आया था। ये श्रद्धालु दो नावों में नदी में सैर कर रहे थे। घटना वृन्दावन स्थित केशी घाट के पास हुई, रेस्क्यू ऑपरेशन में एनडीआरएफ की मदद ली जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने घटना स्थल का निरीक्षण कर घायलों का हाल जाना तथा राहत और बचाव कार्यों का जायजा लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को नियमानुसार उचित मुआवजा देने के भी निर्देश दिए हैं।

**********